# नकली जेवरात देकर ठगी, दो गिरफ्तार

Publish Date:Mon, 27 Dec 2021 11:25 PM (IST)Author: Jagran



संवाद सहयोगी बेनाचिति नकली जेवरात स्वर्ण व्यवसायियों को देकर आर्थिक ठगी के मामले में दुग

संवाद सहयोगी, बेनाचिति :

नकली जेवरात स्वर्ण व्यवसायियों को देकर आर्थिक ठगी के मामले में दुर्गापुर पुलिस ने एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। सोमवार को दोनों आरोपितों तापस पाल एवं सीमा सिंह को दुर्गापुर कोर्ट में पेश किया गया, जहां उनकी जमानत नामंजूर हो गई। तापस को पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया, जबकि सीमा को दस दिनों के लिए जेल भेज दिया गया। रिमांड अवधि में पुलिस पूछताछ कर गिरोह के अन्य लोगों को गिरफ्तार करेगी। 21 दिसंबर को आरोपित तापस दो सोने का जेवरात लेकर शहर के बेनाचिति बाजार के स्वर्ण व्यवसायी अमित कुंडू के पास पहुंचा था, उसे नकली जेवरात देकर कर्ज के रूप में 81 हजार रुपया लिया था। वह खुद को दुर्गापुर इस्पातनगरी के बी-जोन आइनस्टाइन एवेन्यू का निवासी बताया था। उसके जाने के बाद व्यवसायी ने जांच की तब वह नकली जेवरात निकला। उसके दिए पते एवं फोन नंबर पर भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद फिर रविवार की संध्या नकली जेवरात लेकर पहुंचा एवं जेवरात बंधक रखकर रुपया की मांग की। व्यवसायी ने उसे दुकान में बंद कर दिया एवं आसपास के व्यवसायियों को सूचना दी। अन्य व्यवसायी पहुंचे एवं उससे पूछताछ शुरु की, जिसके बाद पुलिस को सौंप दिया।

सेप्को निवासी सीमा सिंह पर नकली जेवरात देने का आरोप : पूछताछ में आरोपित तापस ने बताया कि उसे यह जेवरात सेप्को टाउनशिप निवासी सीमा सिंह ने दिया था। फिर उस पर दबाव देकर सीमा सिंह को बुलाया गया। महिला पहुंची तो उसे भी व्यवसायियों ने रोक कर रख लिया। जिसके बाद पुलिस को सौंप दिया। पूछताछ में दोनों के बयान में असंगति होने पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

नकली जेवरात पर था हालमार्क का निशान : आरोपित ने जो जेवरात स्वर्ण व्यवसायी को दिया था, उस पर हालमार्क का भी निशान था। इस कारण व्यवसायी को आरंभ में जेवरात असली लगा था। बाद में जांच के बाद वह नकली मिला। जिसके बाद उसकी तलाश भी व्यवसायी ने की, लेकिन घर का पता गलत देने से वह नहीं मिला एवं व्यवसायी उसकी तलाश में थे।

नकली जेवरात देने की घटना से व्यवसायियों में भी चिता : स्वर्ण व्यवसायी संगठन के अध्यक्ष विश्वनाथ दास ने कहा कि ऐसी घटना कभी बेनाचिति बाजार में नहीं हुई है। हमलोग भी काफी चिता में है। इस गिरोह का पता पुलिस को लगाना चाहिए। अन्यथा अन्य व्यवसायी भी ठगी के शिकार होंगे। स्वर्ण व्यवसायी दिनेश गुप्ता ने कहा कि हमलोग भी काफी चितित है। पुलिस को ऐसे आरोपितों के साथ सख्ती बरतकर अन्य साथियों को गिरफ्तार करना चाहिए।

Source: https://www.jagran.com/west-bengal/durgapur-two-arrest-22331804.html